**H2024SSC0801**

# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - सामाजिक विज्ञान (हिन्दी माध्यम)

| समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे | कक्षा- 8 | पूर्णांक-60 |
|---|---|---|

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** - सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1. झूम खेती में बीज बोने के तरीके को क्या कहा जाता है- (1)

(A) गड़ाना (B) छितराना या बिखेरना

(C) सीड ड्रिल (D) बुवाई करना

प्र-2. उद्यान कृषि का अर्थ हैं (1)

(A) गेहूं (B) आदिम कृषि

(C) फलों और सब्जियों को उगाना (D) सोयाबीन उगाना

प्र-3. चावल का प्रमुख उत्पादक देश कौन सा है (1)

(A) भारत (B) चीन

(C) कोलंबिया (D) अमेरिका

प्र-4. हमारे देश की किन नदियों के उपजाऊ मैदान घने बसे हुए हैं ? (1)

(A) व्यास और सतलज (B) गंगा और ब्रह्मपुत्र

(C) नर्मदा और ताप्ती (D) गंगा और यमुना

प्र-5. लोग सदैव पर्वतों और पठारों की तुलना में मैदानी भागों में रहना पसंद करते हैं क्योंकि- (1)

(A) यह खेती और विनिर्माण के लिए उपयुक्त है (B) यह क्षेत्र अत्यधिक गर्म होते हैं

(C) यह क्षेत्र विरल जनसंख्या वाले होते हैं (D) यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर होते हैं

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6-10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 सन 1791 में बनारस में ........................... कॉलेज की स्थापना की गई। (1)

प्र-7 राष्ट्रीय उद्यान एक ..................... क्षेत्र है। (1)

प्र-8 रोपण कृषि ..................... का एक प्रकार है। (1)

प्र-9 संयुक्त राज्य अमेरिका में किसान एक ..................... की तरह काम करता है। (1)

प्र-10 धातुओं को उसके अयस्कों द्वारा गलनांक बिंदु से अधिक तपाकर निष्कर्षित किया जाता है, इस प्रक्रिया को ..................... कहते हैं। (1)



P.T.O.

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 महुआ क्या है? बताएं। (2)

प्र-12 शांति निकेतन संस्था किसने व कब शुरू की थी ? (2)

प्र-13 संसाधन की परिभाषा लिखिए। (2)

प्र-14 मानव निर्मित पांच संसाधनों के नाम लिखिए। (2)

प्र-15 भारत में कानून बनाना, बजट पारित करना किसका कार्य है? (2)

प्र-16 सरकार के अंग कौन-कौन से हैं? कानून को लागू करने का काम किस अंग के द्वारा किया जाता है? (2)

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 1782 में जेम्स रेनेल ने भारत का पहला मानचित्र क्यों तैयार करवाया ? (3)

प्र-18 1757 में प्लासी का युद्ध किसके बीच हुआ था ? इस युद्ध में किसकी जीत हुई ? (3)

प्र-19 ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया ? (3)

प्र-20 किस प्रकार के उद्योग सनराइज उद्योग के नाम से जाने जाते हैं ? (3)

प्र-21 धर्म को राज्य से अलग रखना क्यों जरूरी है? (3)

प्र-22 मतदान प्रक्रिया में अमिट स्याही से मतदाता की अँगुली पर निशान क्यों लगाया जाता है ? (3)

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 1857 के विद्रोह के फलस्वरुप अंग्रेजों ने नीतियों में क्या-क्या बदलाव किए ? (5)

प्र-24 विश्व में कौन-कौन से प्रदेश जल की कमी की समस्या का सामना कर रहे हैं? (5)

प्र-25 हमें कितने मौलिक अधिकार प्राप्त है? किसी एक का वर्णन कीजिए! (5)

प्र-26 फौजदारी एवं दीवानी कानून में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

-----x-----